प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

21.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आज दिल्ली जाने का कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री दिल्ली में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात कर उन्हें प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूरा होने के उपलक्ष पर बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता देंगे। इसके अलावा वे सरकार व संगठन से जुड़े कामकाज पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से भी चर्चा कर सकते हैं।

नड्डा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य की धरोहरों को संभालने में नाकाम रही है, जिसके कारण चायल व मनाली के ऐतिहासिक होटल सहित 18 होटलों को बंद करने का आदेश जारी हुआ है। एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश के इतिहास में ये एक शर्मनाक घटना है। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस सरकार की झूठी गारंटियों व भ्रष्ट नितियों के कारण प्रदेश कर्ज में डूब गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है, और जनता सरकार की जनविरोधी नितियों के कारण परेशान है।

फिल्म महोत्सव

गोवा में आयोजित 55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव –इफ्फी के दूसरे दिन आज विभिन्न शैलियों की 40 से अधिक फिल्में दिखाई जाएंगी। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इफ्फी की भूमिका का उल्लेख भारत के फिल्म उद्योग में मील का एक पत्थर के रूप में किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह महोत्सव सहयोग को प्रेरित करेगा और युवा प्रतिभाओं को निखारेगा।

आज इंडियन पैनोरमा का उद्घाटन समारोह आयोजित किया जाएगा। इसके बाद फीचर और गैर–फीचर फिल्में दिखाई जाएंगी।

मुख्य सचिव

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने कहा है कि प्रदेश में वित्तीय स्थिती हमेशा चुनौतीपूर्ण रही है, मगर वर्तमान में इसकी चर्चा अधिक हो रही है। शिमला में राज्य स्तरीय बैंकर समिति की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश की वित्तीय हालत को सुधारने के लिए राज्य सरकार द्वारा ऐसे निर्णय लिए गए है जिनको लेने में पूर्व सरकार ने गुरेज किया है। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश की आर्थिकी को पटरी पर लाने के लिए सरकार प्रभावी कदम उठा रही है।

वोकेशनल शिक्षक

प्रदेश के स्कूलों में कार्यरत वोकेशनल शिक्षकों को अब साल में 20 की बजाय 30 दिनों का अवकाश मिलेगा। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के साथ वोकेशनल शिक्षकों की सचिवालय में हुई बैठक में ये निर्णय लिया गया है। इसके अलावा शिक्षकों की भर्ती आयु सीमा 37 से बढ़ाकर 45 वर्ष करने का निर्णय भी लिया गया है। शिक्षकों की राज्य इलेक्ट्रोनिक्स विकास निगम के अधीन करने की मांग पर समग्र शिक्षा अभियान के परियोजना निदेशक की अध्यक्षता में उप–समिति गठित की गई है, जिसकी सिफारिशों के आधार पर सरकार आगामी निर्णय लेगी।

सोलर गांव

कांगड़ा जिला में आदर्श सौर ऊर्जा गांव के चयन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है और दो हजार ये अधिक जनसंख्या वाले गांव इस प्रक्रिया में हिस्सा ले सकते हैं। कांगड़ा जिला में ऐसे पात्र गांवों की संख्या 43 है और इनमें से एक सोलर मॉडल विलेज के रूप में चयनित किया जाएगा। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत गठित जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक' में बताया कि चयनित आदर्श सौर ऊर्जा गांव के विकास के लिए और गांव में हरित ऊर्जा के विस्तार के लिए सरकार एक करोड़ रुपए स्वीकृत करेगी।

ईट राईट मेला

ऊना में पहली दिसंबर को 'ईट राइट मेला' का आयोजन किया जाएगा, जिसमें उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यह मेला राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र पाठशाला ऊना के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। इस मेले का मुख्य उद्देश्य जनता को पौष्टिक आहार, स्वास्थ्यवर्धक जीवनशैली, और सही खानपान के प्रति जागरूक करना है। उपायुक्त जतिन लाल ने ये जानकारी देते हुए बताया कि मेले की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए हैं।

अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

समाचार पत्रों ने आज अलग–अलग खबरों को महत्व दिया है।

विधवा, दिव्यांग व एकल नारियों को घर बनाने के लिए मिलेंगे 4 लाख अमर उजाला की पहले पन्ने की सुर्खी है।

दिव्य हिमाचल की खबर है–आपदा पीड़ितों को अब ऑनलाईन आवेदन पर मुआवजा–सुखविंदर सिंह सुक्खू का बड़ा कदम, आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने मद्द के लिए बनाया पोर्टल।

दैनिक जागरण ने–18 होटल बंद करने के निर्णय पर पुनर्विचार याचिका दायर करने की खबर को प्रमुखता दी है।

दैनिक सवेरा टाइम्स बतौर सांसद अनुराग ठाकुर लिखता है–प्रदेश की आर्थिक स्थिति इतनी खरब कर दी, कि वेतन व पेंशन के लाले पड़ गए हैं–राहुल गांधी का खटाखट–खटाखट मॉडल औंधे मुंह गिर चुका है।

मौसम पर पंजाब केसरी की सुर्खी है–23 को उच्च पर्वतीय इलाकों में हो सकती है वर्षा, बर्फबारी ठंड से जम गए पहाड़। आपका फैसला लिखता है–न्यूनतम पारा गिरने से चंबा और लाहौल में प्राकृतिक झीलें जमीं–शीतलहर बढ़ी, ताबो में न्यूनतम तापमान माइनस 8 दशमलव 8 डिग्री।

दैनिक भास्कर के अनुसार–दिन गर्म, राते ठंडी अगले सप्ताह भी प्रदेश में बर्फवारी की संभावना नहीं।

हिमाचल दस्तक की एक खबर है–आज दिल्ली जाएंगे सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ।

———————————————————————————